श्वानों हेतु निःशुल्क रेबीज टीकाकरण शिविर

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में शनिवार दिनांक 29 अप्रैल को विश्व पशु चिकित्सा दिवस कार्यक्रम माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल के मुख्य आतिथ्य में मनाया जायेगा इस अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति श्वानों को निःशुल्क एंटी रेबीज वेक्सीन लगाई जायेगी। वि.वि. ने सभी श्वान पालकों से अनुरोध किया है कि शनिवार प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे तक महाविद्यालय अस्पताल में निःशुल्क टीकाकरण करायें एवं अपने श्वान को रेबीज मुक्त रखें। पशु चिकित्सा दिवस पर इस वर्ष के विषय "एंटी माईक्रोवियल रजिस्टेन्श फॉर अवेयर टू एक्शन " पर डॉ. अमीता तिवारी द्वारा व्याख्यान दिया जायेगा। माननीय प्रधानमंत्री ने समय–समय पर इस विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुये इसके समाधान ढूढने की अपील की है। वि.वि. द्वारा संचालित पेट पार्लर के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी।